प्रेस नोट **दिनांक 20.05.2026**

जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। जिसका विवरण निम्नवत है।

थानावार गिरफ्तारी का विवरण:

1. थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा ग्राम मुहम्मदाबाद सिपाह में हुई मार पीट व गोली कांड से सम्बन्धित मु0अ0सं0 97/2026 धारा 109(1)/115(2)/351(3)/352/125(1)/126(2) बीएनएस थाना दोहरीघाट जनपद मऊ में वांछित अभियुक्तगण 1. श्रीराम पुत्र स्व0 नरेश 2. सीपक पुत्र श्रीराम 3. दीपक पुत्र श्रीराम 4. विनित पुत्र श्रीराम निवासीगण मुहम्मदाबाद सिपाह थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त श्रीराम पुत्र नरेश निवासी मुहम्मदाबाद सिपाह थाना दोहरीघाट जनपद मऊ के निशानदेही पर एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ उपरोक्त को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।
2. थाना घोसी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर अपने ट्वीटर एकाउण्ट से एक जाति विशेष पर आपत्तिजनक गाने द्वारा समाजिक सौहार्द खराब की कोशिश करने वाले अभियुक्त गुड़िया उर्फ अभिजीत पुत्र रामनाथ प्रसाद निवासी ग्राम कुड़हनी थाना घोसी जनपद मऊ को बोझी बाजार से गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया
3. थाना मधुबन पुलिस पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्त सजय पुत्र स्व0 मानिक चन्द सा0 वार्ड न0 13 पिपरा उसरी थाना मधुबन जनपद मऊ 2. महेन्द्र यादव पुत्र स्व0 श्याम बिहारी यादव निवासी रुकनपुरा थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अभियान लगातार जारी है।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 20.05.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-

इस अभियान के अंतर्गत 39 टीम गठित कर जनपद के 45 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1455 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 519 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 06 वाहनों को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।